
## एक नजर में



### 20 रोबोटिक घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी

ग्वालियर, 25 दिसंबर। मेट्रो न्यूरो स्पाईन हॉस्पीटल ने ग्वालियर चम्बल में पहली बार 20 मरीजों की रोबोटिक घुटना और कूल्हा प्रत्यारोपण सर्जरी सफलता से की। एडवांस रोबोटिक तकनीक से 50 से 80 वर्ष तक के मरीजों को कम दर्द, तेज रिकवरी और सही अलाइनमेंट का लाभ मिल रहा है। अस्पताल के निदेशक डॉ. संतोष त्रिपाठी ने बताया कि मेट्रो न्यूरो स्पाईन हॉस्पीटल क्षेत्र का पहला अस्पताल है जो आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण कर रहा है। इसके अलावा मरीजों का सफल इलाज किया जा रहा है।




### जेयू में विद्यार्थियों ने किया कूनो चीता अभ्यारण का भ्रमण

ग्वालियर, 25 दिसंबर। जीवाजी विश्वविद्यालय के राजनीति एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला के छात्र छात्राओं ने विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिदेव सिसोदिया के निर्देशन में कूनो चीता अभ्यारण का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण में छात्र छात्राओं ने देखा कि चीता परियोजना के बाद मध्यप्रदेश वन्य जीव संरक्षण के लिए कौन-कौन सी पर्यावरणीय यहां के विस्थापित लोगों के लिए लागू की है और इसके परिणामस्वरूप यहां की जनता पर राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से क्या प्रभाव पड़ा। इन सभी बिन्दुओं पर छात्र अपनी रिपोर्ट विभाग को प्रस्तुत करेंगे। इस मौके पर डॉ. मुक्ता जैन, डॉ. आनंद सिंह धाकड़, डॉ. रेणु गर्ग, शुभम राजोरिया, योगेश गुर्जर, अजय, तनुश्री मंडेरिया, कुमकुम, मानसी, हिमांशी, मेघा, साक्षी, शिवम, साची, पारस, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### हिन्दी के बड़े समर्थक थे अटल

ग्वालियर .अन्तर्राष्टीय अभिभाषक मंच ने प्रात: 10 बजे सत्यनारायण टेकरी स्थित अटल मन्दिर पर अटल जी की 101वी जयन्ती मनाई गई प्रारम्भ में आरती हुई फिर राम धुन का आयोजन हुआ तत्पश्चात् एक परिचर्चा हुई जिसका विषय था अटल महान् कैसे बने। अध्यक्षता दामोदर महाराज ने की मुख्य अतिथि पुरन शिवहरे और विशेष अतिथि एस.एस. सैंगर एडवोकेट एवं मनोज जैन, एडवोकेट और सुरेश कुशवाह थे अन्य वक्ताओं में रमाकान्त भास्कर श्याम चौहान हिंमाशु आदित्य सिंह अजय शर्मा आदि सभी ने कहा कि अटल हिन्दी के बड़े समर्थक थे। और समरसता वाले इंसान थे उन्होने सम्पूर्ण जीवन मानवता की सेवा में लगाया। और युवाओं को साहित्य देश सेवा संस्कृति की रक्षा एकता की रक्षा हेतु शिक्षा दी. यह गौरव की बात है कि अटल ग्वालियर में जन्में और प्रधानमंत्री बनकर ग्वालियर का मान बढ़ाया। इसी कारण मंच द्वारा अटल का मन्दिर बनवाया ताकि आगे वाली पीढ़ी देश भक्ति की शिक्षा उक्त मन्दिर से प्राप्त करती रहे। हिन्दी सेवी सम्मान से पलक शर्मा, रक्षा कुशवाह, वीरेन्द्र सिंह, दामोदर महाराज, को नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह चौहान अभिभाषक ने किया.



### डॉ मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल की तीसरी वर्षगांठ पर स्व. मुन्नालाल भारद्वाज की स्मृति में निशुल्क चिकित्सा शिविर

ग्वालिय, 25 दिसंबर। दीनदयाल नगर स्थित डॉ. मुदगल्स स्पर्श हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर में निशुल्क स्वास्थ्य विभाग का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्पर्श हॉस्पिटल के फाउंडर मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ अशोक मुदगल, डॉ. सुषमा मुदगल जी, ए के दीक्षित, सुरेन्द्र शर्मा ने दीपक प्रजलित कर शुभारंभ किया जिसमें सभी प्रकार की जांच निशुल्क की गई डॉ. विश्वास मुदगल बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ प्रताप सिंह चौहान मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ सुकीर्ति मुदगल दीक्षित स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ प्रशांत मुदगल रेडियोलॉजीस्ट, डॉ स्वाति मुदगल तिवारी दंत रोग विशेषज्ञ, डॉ अभिनव शर्मा हड्डी रोग विशेषज्ञ, शुभम शर्मा डॉ. वर्षा राजपूत आदि ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में कुल 220 मरीज़ों ने लाभ लिया। यह जानकारी क्वालिटी मैनेजर अच्छेद्र कुशवाह ने दी।

### वीर बाल दिवस पर निकलेगा जागृति मार्च

**ग्वालियर 25 दिसंबर।** सिक्खों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों को इस दिन जीवित दीवार में चुनवा दिया गया था। यह भारत के इतिहास की निर्भीक शहादत कही जाती है। भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर प्रात: 10.30 बजे गुरूद्वारा फालका बाजार से जागृति मार्च प्रारंभ होगा। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने दी। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया ने बताया कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर प्रात: 10.30 बजे गुरूद्वारा फालका बाजार से जागृति मार्च प्रारंभ होगा जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ फूलबाग गुरूद्वारा जाएंगी। पार्टी द्वारा गठित जिला टोली फालका बाज़ार गुरुद्वारा से जागृति मार्च के साथ फूलबाग गुरुद्वारा जाएगी। उन्होंने बताया कि जागृति मार्च का विभिन्न से निकलने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया.

### नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्र. 09 वार्ड क्रमांक 27 भवन क्रमांक 2596 स्थानः सदर बाजार मुरार पर स्थित है जो विक्रेता मनीष कुमार, नवीन कुमार मित्तल/त्रिलोक चन्द मित्तल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक100292224 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 215 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक और आर-30102501577745 दिनांक 31.10.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकार की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र केंद्र टप्पा तहसील मुरार पर दिनांक- 24.12.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य 66/210 /74934/75024 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भी अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाएगा।

*विज्ञप्ति जारी दिनांक: 25.12.2025*
*आवेदक नाम- (हक त्याग अनुसार)*
*नवीन मित्तल/राकेश मित्तल*
*पता- सदर बाजार मुरार*

अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट

# भाजपा ने बताया विकास का रोडमैप तो कांग्रेस ने घेरा

**संजीव कुमार शर्मा**

**ग्वालियर, 25 दिसंबर।** मध्य प्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक दिशा तय करने के लिए ग्वालियर में आयोजित 'अभ्युदय मध्य प्रदेश ग्रोथ समिट' को जहाँ सत्तापक्ष प्रदेश की प्रगति के लिए 'मील का पत्थर' बता रहा है, वहीं विपक्ष इसे जनता के पैसे की बर्बादी करार दे रहा है। अभ्युदय समिट ने एक तरफ जहां ग्वालियर को देश के औद्योगिक मानचित्र पर चमकाने की कोशिश की है, वहीं स्थानीय समस्याओं और राजनीतिक दांव-पेंचों ने इस आयोजन को चर्चा का केंद्र भी बनाए रखा।

#### भाजपा का कहना : अमित शाह ने दी विकास की बड़ी सौगात

सत्तापक्ष ने विपक्ष के आरोपों को विकास विरोधी मानसिकता बताया है। अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पार्षदों और भाजपा नेताओं का दावा है कि गृह मंत्री की मौजूदगी ने प्रदेश के प्रति निवेशकों का भरोसा जगाया है।



वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक पटसारिया ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने ग्वालियर-चंबल अंचल को विकास की बड़ी सौगात दी है। विपक्ष के पास कोई विजन नहीं है, इसलिए वे हर अच्छे काम को फिजूलखर्ची कहते हैं। इस आयोजन से प्रदेश की जीडीपी में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी होगी।



नगर-निगम सभापति मनोज सिंह तोमर का कहना हैं कि गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा दी गई 2 लाख करोड़ की सौगातें ग्वालियर-चंबल अंचल के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। यह समिट आने वाले समय में लाखों युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेगी।



वार्ड 26 के पार्षद पति अरविंद ममता शर्मा ने कहा ग्वालियर बदल रहा है। गृह मंत्री के मार्गदर्शन में जो एमओयू साइन हुए हैं, वे आने वाले 5 सालों में मध्य प्रदेश की तस्वीर बदल देंगे। हम सभी कार्यकर्ता गृह मंत्री के इस आगमन से बेहद उत्साहित हैं।



वहीं वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद दीपक माझी ने कहा केंद्रीय मंत्री सिंधिया, मुख्यमंत्री मोहन यादव और ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के प्रयासों से हमारे वार्ड और पूरे ग्वालियर में विकास की रफ्तार अब दोगुनी होगी।

विपक्ष ने समिट की उपयोगिता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि धरातल पर निवेश लाने के बजाय सरकार केवल प्रचार में जुटी है।



कांग्रेस के विधायक सतीश सिकरवार ने कहा कि पहले भी कई मीट हुई उससे कोई लाभ नही हुआ। सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर भीड़ जुटाई गई। यह औद्योगिक समिट कम और चुनावी कैंपेन ज्यादा नजर आ रहा है।



वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री निधि शर्मा ने कहा कि यह समिट विकास के नाम पर केवल इवेंट मैनेजमेंट है। पिछले इन्वेस्टर समिट्स का हिसाब सरकार के पास नहीं है। यह जनता के टैक्स की खुली फिजूलखर्ची है।



वहीं कांग्रेस पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. सिद्धांत दुबे ने कहा... ग्वालियर के युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, और सरकार होटलों में दावतें दे रही है। जब तक स्थानीय उद्योगों को राहत नहीं मिलेगी, ऐसी समिट्स से कुछ नहीं बदलने वाला।

#### जनता की राय

समिट और वीआईपी मूवमेंट के बीच ग्वालियर की जनता की मिली-जुली प्रतिक्रिया देखने को मिली। सुरक्षा और वीआईपी प्रोटोकॉल के कारण हुई असुविधा के बीच लोगों की अपनी उम्मीदें दिखीं।



कार्यक्रम में आए एक युवा राम कुमार का कहना था कि समिट होना अच्छी बात है, निवेश आना चाहिए। सुरक्षा के नाम पर सड़कें बंद होने से आम आदमी परेशान होता है।



शहर की एक युवती एडवोकेट योगिता सारस्वत का कहना था युवाओं को समिट से मतलब नहीं, नौकरियों से मतलब है। समिट में हजारों रोजगार की बात जो कही गई हैं वह हकीकत में होनी चाहिए। हाँ एक बात और कहूं तो अगर गृह मंत्री शहर के भीतर जाते, तो शायद वे बंद पड़ी पुरानी मिलों और छोटे उद्योगों का दर्द देख पाते जिन्हें संजीवनी की जरूरत है।

# 'एक शाम अटल जी के नाम' नाटक 'चाणक्य' की प्रस्तुति आज

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 25 दिसम्बर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के 101वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर आज शुक्रवार 26 दिसम्बर को शाम 4 बजे जीवाजी विश्वविद्यालय स्थित अटल सभागार में 'एक शाम अटल जी के नाम' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन अटल स्मृति मंच द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी रंगमंच का सुप्रसिद्ध नाटक 'चाणक्य' प्रस्तुत किया जाएगा, जो राष्ट्रनीति, दूरदर्शिता, सिद्धांत और संघर्षशील नेतृत्व के मूल्यों को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करता है। यह नाटक अटल जी के जीवन-दर्शन और राष्ट्र के प्रति



उनकी अटूट प्रतिबद्धता को सांस्कृतिक माध्यम से अभिव्यक्त करेगा। अटल स्मृति मंच के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक देवेन्द्र प्रताप सिंह तोमर 'रामू' ने आयोजन से पूर्व समस्त व्यवस्थाओं की समीक्षा के पश्चात जानकारी देते हुए बताया कि यह नाटक प्रख्यात लेखक मिहिर भूता द्वारा लिखित है तथा इसका निर्देशन जाने-माने रंगकर्मी मनोज नवनीत जोशी ने किया है।
उन्होंने बताया कि निर्देशक मनोज नवनीत जोशी स्वयं भी इस नाटक में अभिनय करेंगे और आचार्य चाणक्य की मुख्य भूमिका निभाएंगे। तोमर ने बताया कि कार्यक्रम में अटल जी के जीवन संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान और भारतीय राजनीति में उनकी अद्वितीय भूमिका को स्मरण किया जाएगा।

कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, साहित्यकार, रंगकर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने ग्वालियर की जनता से अपील की है कि वे समयपूर्व आयोजन स्थल पर पहुँचकर अटल जी की स्मृति में आयोजित इस प्रेरणादायी सांस्कृतिक संध्या को सफल बनाएं। उन्होंने नाटक 'चाणक्य' के माध्यम से प्रस्तुत यह आयोजन न केवल अटल जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगा, बल्कि युवा पीढ़ी को राष्ट्र, नीति और नैतिक नेतृत्व के मूल्यों से जोड़ने का सशक्त प्रयास भी सिद्ध होगा।

# रात में जाड़े से कांपा शहर

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 25 दिसम्बर।** ग्वालियर में गुरुवार की रात कड़ाके की ठंड से लोग ठिठुरते नजर आए। हालांकि सुबह से दिन में 10 बजे तक सर्दी का असर दिखाई दे रहा था दोपहर में तेज

**सीजन की सबसे ठंडी रही रात, 4 डिग्री गिरा तापमान, न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहा**

धूप खिलने से हल्की गर्मी महसूस हो रही थी पर जैसे ही सूर्य अस्त हुआ सर्दी जोर पकड़ने लगी। रात होते होते हवा में इतनी ठंडक घुल गई कि लोगों का सड़क पर दो पहिया वाहन पर चलना मुश्किल हो गया। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो यह रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही। गुरुवार की रात न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया जो कि सामान्य से 0.7 डिग्री कम है। इसका कारण कोहरा का गायब होना और हवा की चलना बताया है। वहीं गुरूवार की दोपहर में धूप खिली रहने एवं शाम के समय कोहरा नहीं रहने की स्थिति में तापमान और अधिक गिरने की आशंका जताई जा रही है। वहीं हिमालय से आ रही ठंडी हवाओं ने शहर को कपंकपांना प्रारंभ कर दिया है।



#### हिमालय की ठंडी हवा से बढ़ी ठंडक

मौसम विभाग के अनुसार हिमालय में हो रही बर्फबारी के कारण ठंड बढ़ गई है। हिमालय से आ रही हवा ठंडी हवाओं ने ग्वालियर सहित पूरे उत्तर भारत को अपनी चपेट में ले लिया हैं। दिन में धूप खिली रहने और कोहरा नहीं होने की स्थिति में ठंड बढ़ती है।

# लिंक पर किया क्लिक, खाते से दो लाख गायब

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 25 दिसंबर।** ऑनलाइन सामान मंगाने के बाद उसे वापस करना एक महिला को महंगा पड़ गया। कस्टमर केयर से जो लिंक मिली उस पर क्लिक करते ही बैंक खाते से करीब 2

**वेटनरी विभाग में पदस्थ है महिला**

लाख रुपए कट गए। महिला को जब इसका पता चला तो वह सीधे महाराजपुरा थाने पहुंची और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। रेणु मिश्रा पत्नी एसके मिश्रा निवासी दीनदयाल नगर वेटनरी विभाग में पदस्थ हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने ऑनलाइन सामान भेजने वाली कंपनी मीशो से सामान मंगाया था। सामान पसंद नहीं आया तो उसे वापस करने के लिए कस्टमर केयर से जानकारी ली। कस्टमर केयर से जानकारी लेने के बाद वहां से एक लिंक भेजी गई और बताया गया कि इस पर क्लिक करने के बाद मीशों के कर्मचारी बात करेंगे तो अपना सामान वापस कर देना।
रेणु मिश्रा के मोबाइल पर लिंक आई और उन्होंने जैसे ही उसे खोलने के लिए क्लिक किया उनके बैंक खाते से रुपए कट गए। रुपए कटने के मैसेज बैंक से आए तब रेणु मिश्रा को पता चला कि उनके साथ घोखाधड़ी हो गई है। यह बात उन्होंने अपने घरवालों को बताई तो वह पुलिस के पास पहुंचे और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने साइबर फ्रॉड का मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है।








मतदाता सूची की शुद्धता के लिए
दावे अपत्ति प्रस्तुत करें
जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं

फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026

- निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन दिनांक 23 दिसम्बर 2025 को किया गया।
- प्रारूप निर्वाचक नामावली voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर भी उपलब्ध है। सर्वप्रथम अपना नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में जांचें।
- दावें आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि-23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक रहेगी।
- प्रत्येक कार्य दिवस में मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर उपस्थित रहेंगे।
- नाम जोड़ने, हटाने/आपत्ति करने, संशोधन के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे।
- नाम जोड़ने के फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
- यदि राज्य से बाहर से कोई स्थानांतरित होता है तो फॉर्म-8 के साथ भी घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- ऑफलाइन फॉर्म भरने पर BLO से पावती लेना न भूलें।
- दावे आपत्तियों का निराकरण तथा गणना पत्रक के आधार पर तैयार प्रारूप निर्वाचक नामावली की पात्रता की प्रविष्टियों की जांच के उपरांत कतिपय निर्वाचकों को नोटिस पर सुनवाई दिनांक 23.12.2025 से 14.02.2026 तक होगी।
- नोटिस तामीली के उपरांत नोटिस प्राप्तकर्ता को निर्धारित दिनांक, समय एवं नियत स्थान पर सुनवाई के लिए वांछित दस्तावेज की प्रति के साथ उपस्थित होना होगा।
- फॉर्म-6, फॉर्म-6A, फॉर्म-7, फॉर्म-8 वेबसाइट से, BLO से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।
- ऑनलाइन आवेदन सुविधा voters.eci.gov.in, ceoelection.mp.gov.in एवं ECINet App पर उपलब्ध है।

ऑनलाइन आवेदन कैसे करें?

ECINET App द्वारा
- ECINET App गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड करें
- अपना मोबाइल नम्बर और प्राप्त ओटीपी डालकर रजिस्टर करें।
- Voters Services सेक्शन पर जाएं
- Voters Registration पर क्लिक करें
- फार्म-6 घोषणा पत्र (Annexure-IV) के साथ भरें।

Voters Portal द्वारा
- https://voters.eci.gov.in पर जाएं
- मोबाइल नम्बर एवं प्राप्त OTP से Signup करें।
- New Voters Registration Tab पर क्लिक करें तथा फार्म-6 एवं घोषणा (Annexure-IV) भरें।

"कोई मतदाता छूट न जाए"
अधिक जानकारी एवं सहायता के लिए टोल फ्री नंबर पर सम्पर्क करें 1950

ceoelection.mp.gov.in /CEOMPElections @ceompelections /ceompelections /CEOMPSVEEP

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश द्वारा जनहित में जारी

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
D11174/25